# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या : पी.आर. 113/2023 दिनांक 10/05/2023**

**डी.एल.एड. परीक्षा वर्ष, 2023 के लिये विलंब शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने हेतु अवधि विस्तारित किये जाने तथा ऑनलाईन जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्र के आलोक में त्रुटि सुधार हेतु द्वितीय डमी प्रवेश पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त सरकारी एवं निजि प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संबंधितों को विज्ञप्ति संख्या पी.आर. 81/2023 एवं पी0आर0 91/2023 के द्वारा विस्तारित अवधि में डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) फेस–टू–फेस का प्रशिक्षण सत्र 2022–24 का प्रथम वर्ष एवं सत्र 2021–23 का द्वितीय वर्ष के बाह्य विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्कादि जमा नहीं होने की स्थिति में विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से किये जा रहे अनुरोध के आलोक में विद्यार्थी हित के मद्देनजर डी.एल.एड. (फेस–टू–फेस) परीक्षा वर्ष, 2023 में सम्मिलित होने हेतु विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की विस्तारित तिथि | 11.05.2023 से 15.05.2023 तक |
| 02 | ऑनलाईन जमा किये गये परीक्षा आवेदन प्रपत्र में त्रुटि सुधार हेतु द्वितीय डमी प्रवेश पत्र | 11.05.2023 से 17.05.2023 तक |

उपरोक्त तिथि विस्तारन अंतिम रूप से की जाती है। विस्तारित अवधि में ही ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र से संबंधित शुल्क भी जमा करना सुनिश्चित करेंगे। शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा एवं इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने हेतु प्रसारित विज्ञप्ति संख्या 81/2023 एवं त्रुटि सुधार हेतु प्रसारित विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 106/2023 के द्वारा दिये गए अन्य सभी निदेश यथावत् रहेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**ज्ञापांक : टी0टी0प्रे0 170/2023 पटना, दिनांक : 10/05/2023**